दिनांकः 30.01.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर नमन कर रहा है।
- प्रदेश में आज से स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान की शुरूआत।
- राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 1 फरवरी से शुरू होगा–खरीद 10 मार्च से होगी।
- राज्य में आज भी कई स्थानों पर कोहरे का असर–कल से मौसम में बदलाव के साथ कई स्थानों पर बारिश की संभावना।

...................

देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर नमन कर रहा है। नई दिल्ली में राजघाट स्थित गांधी समाधि पर सर्वधर्म प्रार्थना का आयोजन किया जा रहा है। बापू की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। यह दिन भारत की स्वतंत्रता और एकता के लिए प्राणों की आहुति देने वाले सभी स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को श्रद्धांजलि दी देने के लिए मनाया जाता है।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सत्य और अहिंसा के सिद्धांत के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देने वाले महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कहा कि बापू का व्यक्तित्व और उनके आदर्श जीवन मूल्य भविष्य की पीढ़ियों के लिए मार्ग दर्शक की भूमिका निभाते रहेंगे। प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से बापू को श्रद्धांजलि दी जा रही है। भरतपुर में किला स्थित शहीद स्मारक पर लोगों ने महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की। बारां में मिनी सचिवालय परिसर में बापू के प्रिय भजनों की प्रस्तुति होगी। अजमेर में गांधी महोत्सव समिति की ओर से सर्वधर्म सद्भावना यात्रा निकाली जाएगी। ये यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए गांधी भवन पहुंचेगी, जहां बापू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी।

...................

प्रदेशभर में आज से स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान शुरू हो रहा है। अभियान के दौरान चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला, ब्लॉक तथा पंचायत स्तर पर इस रोग के प्रति जागरुकता के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। ये अभियान 13 फरवरी तक चलेगा।
जनस्वाथ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि इस वर्ष की थीम 'भेदभाव का अन्त और गरिमा सुनिश्चित करना' रखी गई है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान ग्राम सभाओं में विशेष कार्यक्रम रखे जाएंगे। साथ ही स्कूलों में विद्यार्थियों को प्रतियोगिताओं के माध्यम से जागरुक किया जाएगा। पाली में भी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से कुष्ठ रोग के बारे में जागरुकता फैलाई जाएगी।

...................

विधानसभा में आज उपमुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री प्रेमचंद बैरवा, परिवहन और सड़क सुरक्षा विभाग की सात अधिसूचनाएं सदन के पटल पर रखेंगे। वहीं ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर विभाग की दो अधिसूचनाएं प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा राजस्थान राज्य महिला आयोग के वार्षिक प्रतिवेदन सहित अन्य प्रतिवेदन सदन के सामने पेश किये जाएंगे। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े के अभिभाषण पर आज भी सदन में चर्चा जारी रहेगी।

...................

एक फरवरी को पेश होने वाले केन्द्रीय बजट 2026–27 से आमजन, किसानों और युवाओं को काफी उम्मीदें हैं। अजमेर के उत्तर–पश्चिम रेलवे कर्मचारी संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष मोहन चेलानी ने अपेक्षा की है कि बजट में अजमेर के विकास के लिए विशेष प्रावधान किये जाएंगे।

.............

...................

77वें गणतंत्र दिवस समारोह के समापन के उपलक्ष्य में कल नई दिल्ली में बीटिंग रिट्रीट समारोह आयोजित किया गया। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य केंद्रीय मंत्री शामिल हुए। विजय चौक पर हुए इस समारोह में सशस्त्र बलों के बैंड ने देशभक्ति गीतों की धुनों पर प्रस्तुतियां दी। वायु सेना के बैंड ने ऑपरेशन सिंदूर पर एक विशेष प्रस्तुति दी। इसमें ऑपरेशन के दौरान सशस्त्र बलों के शौर्य और बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में बीटिंग रिट्रीट की झलकियाँ साझा करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, वंदे मातरम के 150 वर्ष, भारतीय महिलाओं की क्रिकेट में जीत, अश्विनी ड्रोन, भैरव बटालियन तथा प्राचीन 'गरुड़ व्यूह' युद्ध की प्रस्तुतियाँ शानदार रहीं। उन्होंने कहा कि ये धुनें राष्ट्र की रक्षा करने वालों के प्रति गौरव की भावना को दर्शाती हैं।

....................

प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 1 फरवरी से शुरू होगा। पंजीकरण की प्रक्रिया 25 जून तक चलेगी। इसके लिए किसान खुद या ईमित्र के माध्यम से 'गेहूँ खरीद के लिए किसान रजिस्ट्रेशन पोर्टल' पर ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकेंगे। ये पोर्टल खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। किसान पंजीकरण और अन्य खरीद सम्बन्धी जानकारी के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 14435 पर सम्पर्क कर सकते हैं। केन्द्र सरकार ने रबी विपणन सीजन 2026–27 के लिए गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2 हजार 585 रुपए प्रति क्विंटल रखा है। गेहूं की खरीद प्रक्रिया 10 मार्च से शुरू होगी।

....................

सूर्य नगरी जोधपुर ने पर्यटन नगरी के रूप में अपनी विशेष पहचान बनाई है। पिछले साल 38 लाख देशी–विदेशी सैलानियों ने वहां के विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि 'जोधपुर ने वैश्विक स्तर पर कम्प्लीट टूरिस्ट डेस्टिनेशन' के रूप में अपनी जगह बनाई है। जोधपुर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहरें, लोककला और पारंपरिक हस्तशिल्प लगातार पर्यटकों को लुभा रही हैं।

....................

प्रदेश में चलाये जा रहे 'शुद्ध आहार–मिलावट पर वार' अभियान के तहत मिलावटखोरी पर लगाम लगाई जा रही है। इसी कड़ी में कल जयपुर में चिकित्सा और खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने 43 हजार लीटर से अधिक मिलावटी घी जब्त किया। खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ. टी शुभमंगला ने बताया कि श्याम विहार कॉलोनी में एक फर्म द्वारा भोग विनायक ब्रांड घी का कारोबार किया जा रहा था। सूचना मिलने पर जब्ती की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में बाजार से इस ब्रांड के घी को तुरंत वापस लिए जाने के लिए आदेश जारी किए गए थे। लेकिन इसके बावजूद भी इसकी बिक्री जारी थी।

....................

राज्य में आज भी कई स्थानों पर कोहरे का असर बना हुआ है। इससे दृश्यता काफी कम हो गई है। लोगों की दिनचर्या पर भी प्रभाव पड़ा है। सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ है। इस बीच, कई स्थानों पर तापमान में गिरावट के चलते ठंड का असर बरकरार है। मौसम विभाग ने आज 13 जिलों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने कल से मौसम में बदलाव की संभावना व्यक्त की है। इस दौरान कल कोटा, अजमेर, जयपुर और भरतपुर संभाग और शेखावाटी क्षेत्र में बादल गरजने के साथ हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। वहीं 1 और 2 फरवरी को भी उत्तर और पूर्वी राजस्थान में कहीं–कहीं मावठ का दौर जारी रहेगा।

....................